**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

-------

## राज्यपाल को प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी
## राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, श्री श्री रवि शंकर, मुलायम सिंह यादव ने फोन पर बधाई दी

लखनऊः 16 अप्रैल, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज उनके जन्मदिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में भेंट कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को उपहार स्वरूप पं0 राजेन्द्र अरूण द्वारा लिखित पुस्तक 'रोम रोम में राम' की प्रति भेंट की। लेखक श्री राजेन्द्र फैजाबाद के मूल निवासी हैं, जिन्होंने मॉरीशस में रामायण सेंटर की स्थापना की थी। विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशुतोष टण्डन ने भी राजभवन आकर बधाई दी। राज्यपाल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक एवं मुंबई से आकर दोनों पुत्रियों डॉ0 निशिगंधा नाईक एवं श्रीमती विशाखा कुलकर्णी ने उन्हें बधाई दी। राज्यपाल का जन्म 16 अप्रैल, 1934 को महाराष्ट्र के सांगली जिले में हुआ था।

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द, उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु, समाजवादी पार्टी के संरक्षक श्री मुलायम सिंह यादव, आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रवि शंकर प्रसाद ने राज्यपाल को फोन पर जन्मदिन की बधाई दी। राज्यपाल को बधाई देने वालों में जगदगुरू सूर्याचार्य कृष्णदेवानंद गिरि द्वारिका, हनुमानगढ़ी अयोध्या के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अवघूतानंद सरस्वती महाराज, मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि, पूर्व मंत्री डा0 अम्मार रिजवी, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय पाठक, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 माहरूख मिर्जा, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट, भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति श्रुति सडोलीकर, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, एवं वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित गणमान्य एवं आमजन सम्मिलित थे। उद्योगपति श्री मुकेश अंबानी ने मुंबई से राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेजकर जन्मदिवस की बधाई दी।

राजभवन में तैनात निरीक्षक श्री कुलदीप सिंह ने राज्यपाल के जन्म दिवस पर अपनी नई रचना पढ़कर सुनाई।

-------

अंजुम/रा0/राजभवन (145/21)







'हर फूल कहे आप जिये हजारों साल', (राज्यपाल श्री राम अपने जन्मदिवस के अवसर पर)



'हर फूल कहे आप जिये हजारों साल', (राज्यपाल श्री राम अपने जन्मदिवस के अवसर पर)